भारत सरकार

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 2792
दिनांक 12 दिसंबर, 2024

## पेट्रोलियम क्षेत्र में वैकल्पिक ईंधन स्रोत

†2792. श्री अरुण भारती :

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने विगत पांच वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान पेट्रोलियम क्षेत्र में वैकल्पिक ईंधन के उपयोग में हुई प्रगति का ब्यौरा दिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) वैकल्पिक ईंधन स्रोतों को विकसित करने के लिए शुरू की गई परियोजनाओं और उनके संचालन की वर्तमान स्थिति का ब्यौरा क्या है;

(ग) वर्तमान वित्त वर्ष के लिए इन परियोजनाओं के लिए बजट आबंटन का ब्यौरा क्या है; और

(घ) विगत पांच वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान इन परियोजनाओं के कारण कार्बन उत्सर्जन में कमी और पर्यावरणी प्रभाव के तुलनात्मक आकड़ों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सुरेश गोपी)

(क) से (ग): सरकार, पेट्रोलियम क्षेत्र में विभिन्न वैकल्पिक ईंधनों को बढ़ावा दे रही है जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ संपीडित प्राकृतिक गैस (सीएनजी), पाइप्ड प्राकृतिक गैस (पीएनजी), संपीडित जैव गैस (सीबीजी) और एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल शामिल हैं। एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल (ईबीपी) कार्यक्रम के तहत तेल विपणन कंपनियां (ओएमसीज) एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल की बिक्री करती हैं, और 'किफायती परिवहन के लिए दीर्घकालिक विकल्प' (सतत) पहल के अंतर्गत संपीडित जैव गैस (सीबीजी) का विपणन संपीडित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) के साथ किया जाता है ।

ईबीपी कार्यक्रम के तहत, पेट्रोल के साथ एथेनॉल का मिश्रण एथेनॉल आपूर्ति वर्ष (ईएसवाई) 2018-19 में 188.6 करोड़ लीटर से बढ़कर एथेनॉल आपूर्ति वर्ष (ईएसवाई) 2023-24 में 700 करोड़ लीटर से अधिक हो गया और मिश्रण प्रतिशतता में तदनुरूपी वृद्धि ईएसवाई 2018-19 में 5% से बढ़कर ईएसवाई 2023-24 में 14.06% हो गई है।

परिवहन क्षेत्र के लिए स्वच्छ ईंधनों की पहुँच में सुधार लाते हुए सीएनजी स्टेशनों की संख्या वर्ष 2019 में 1742 से बढ़कर वर्ष 2024 (दिनांक 31.10.2024 की स्थिति के अनुसार) में 7341 हो गई है। परिवारों को घरेलू पीएनजी कनेक्शनों की संख्या वर्ष 2019 में 54.04 लाख से बढ़कर वर्ष 2024 (दिनांक 31.10.2024 की स्थिति के अनुसार) में 1.37 करोड़ हो गई है। नगर गैस वितरण (सीजीडी) प्राधिकार के तहत 740 से भी अधिक जिले कवर होते हैं। विगत 5 वर्षों में सतत पहल के तहत लगभग 80 सीबीजी संयंत्र कमीशन किए गए हैं।

(घ): पिछले पांच वर्षों में सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों (ओएमसीज) द्वारा पेट्रोल में एथेनॉल के मिश्रण से लगभग 433 लाख मीट्रिक टन सीओ2 उत्सर्जन की कमी में योगदान किया गया है।

****